प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
02.7.2024 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा –दुष्प्रचार के बावजूद लोकसभा चुनाव में विपक्ष को करना पड़ा करारी हार का सामना।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उप–चुनाव में राजनीतिक बुराई के अंत के लिए मांगा प्रदेश वासियों का सहयोग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कारण हो रहे हैं प्रदेश में उप–चुनाव।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भाजपा पर लगाया प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बनाने का आरोप।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज लोकसभा में कहा कि उनकी सरकार पूरी तरह से भारत प्रथम के आदर्श वाक्य से निर्देशित है और भ्रष्टाचार कतई बर्दाश्त न करने की नीति को हाल ही के लोकसभा चुनावों में लोगों का समर्थन मिला है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने सभी के लिए न्याय और किसी का तुष्टिकरण न करने की नीति अपनाई है। प्रधानमंत्री ने लोकसभा में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब देते हुए कहा कि वे विपक्ष का दर्द समझ सकते हैं। उन्होंने कहा कि दुष्प्रचार के बावजूद विपक्ष को लोकसभा चुनाव में करारी हार का सामना करना पड़ा। नरेंद्र मोदी ने आम चुनाव में परिपक्व सोच और समझदारी दिखाने के लिए देश की जनता की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि लोगों ने उनकी सरकार की नीतियों, इरादों और समर्पण पर भरोसा जताया और एनडीए को लगातार तीसरी बार सत्ता में वापस लाने के लिए वोट किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी द्वारा एक समुदाय विशेष को लेकर दिए गए बयान पर कडी आपत्ति जताई और कहा कि देश वासियों को सोचना पड़ेगा कि ये कांग्रेस का संयोग है या प्रयोग। चर्चा पर प्रधानमंत्री के जवाब के दौरान विभिन्न मुद्दों पर विपक्षी सांसदों ने विरोध प्रदर्शन किया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष के आचरण पर नाराजगी व्यक्त की।

मुख्यमंत्री

प्रदेश के तीन विधानसभा क्षेत्रों देहरा, नालागढ़ और हमीरपुर में 10 जुलाई को होने वाले उप चुनाव के लिए अब 8 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार लगातार जोर पकड़ रहा है। भाजपा व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के पक्ष में रैलियों व नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से वोट मांग रहे हैं। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पांडवी, ताल, रोहलवीं पटटा, कालाअंब, नाल्टी और अमरोहा में पार्टी प्रत्याशी पुष्पिंद्र वर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान नुक्कड़ चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमीरपुर के पूर्व निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा जनसेवक नहीं बल्कि ठेकेदार हैं। उन्होंने कहा कि आशीष शर्मा ने पूर्व भाजपा सरकार में 50 करोड़ के ठेके लिए जबकि मौजूदा कांग्रेस सरकार के 14 महीने के कार्यकाल में एक सौ 35 करोड़ के ठेके लिये हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आशीष शर्मा विधायक रहते केवल टेंडर मांगने के लिए आते थे। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक की नियत में खोट है, इसलिए वह भाजपा के हाथों में बिक गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे राजनीतिक बुराई का अंत करने की लड़ाई लड़ रहे हैं और इसमें प्रदेश वासियों का साथ चाहिए।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला जिला प्रशासन को सुन्नी बांध परियोजना से प्रभावित परिवारों के पुनर्वास को प्रथामिकता देने को कहा है ताकि स्थानीय लोगों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। विक्रमादित्य सिंह आज शिमला में सुन्नी बांध जल विद्युत परियोजना की राहत व पुनर्वास योजना की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों के समाधान के लिए एसडीएम शिमला ग्रामीण और एसडीएम कुमारसैन की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया जाएगा। लोक निर्माण मंत्री ने राहत व पुनर्वास योजना के तहत रोजगार का विकल्प चुनने वाले परिवारों की एकमुश्त अनुदान प्रदान करने की मांग को देखते हुए उन्हें दोबारा से विकल्प चुनने का मौका देने के भी आदेश दिए। उन्होंने परियोजना प्रभावित परिवारों को नौकरी और उनके वाहनों को किराए पर प्राथमिकता के आधार पर लेने के निर्देश भी दिए। इस बीच विक्रमादित्य सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि केंद्र सरकार तीन नए अपराधिक कानूनों पर संसद में चर्चा की विपक्ष की मांग को स्वीकार करे क्योंकि इन कानूनों को बिना चर्चा के विपक्ष की गैर मौजूदगी में पास किया गया है।

कुलदीप पठानिया

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने कहा है कि पंचायतीराज संस्थाओं के जन प्रतिनिधि अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्हें न्यूनतम समय में पूरा करना सुनिश्चित करें। इससे क्षेत्रवासियों को समय पर इन कार्यों का लाभ मिल सकेगा। विधानसभा अध्यक्ष आज चुवाड़ी में इस क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के प्रधानों उप–प्रधानों और पंचायत सचिवों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जन प्रतिनिधियों को मनरेगा से संबंधित विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा।

विधानसभा अध्यक्ष ने ये भी कहा कि विकास कार्यों को पूरा करते समय मनरेगा मजदूरों को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्रदान किए जाएं।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से कहा है कि वह भाजपा से पूछने के बजाए खुद बताए कि प्रदेश में उप–चुनाव क्यों हो रहे हैं। जयराम ठाकुर ने आज देहरा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने ऐसे हालात पैदा कर दिए कि उनकी अपनी ही पार्टी के विधायक बगावत पर मजबूर हो गए और निर्दलियों को विरोध स्वरूप विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि देहरा विधानसभा क्षेत्र में नंद नाला पुल का निर्माण मुख्यमंत्री ने इस लिए रोक दिया है ताकि यहां से भाजपा उम्मीवार होशियार सिंह को चुनाव में इसका लाभ न मिल सके। उन्होंने दावा किया कि देहरा की जनता अपने धरती पुत्र के साथ खड़ी है और कांग्रेस स्थानीय कार्यकर्ता डॉक्टर राजेश शर्मा की अनदेखी से पार्टी से नाराज हैं।

मुकेश अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि भाजपा ने प्रदेश में बीते 6 महीनों से राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बनाया हुआ है ताकि कांग्रेस सरकार को गिराया जा सके। इसके बावजूद भाजपा का मिशन लोटस विफल हो गया है। मुकेश अग्निहोत्री ने आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा को इस स्थिति के लिए प्रदेश की जनता से माफी मांगनी चाहिए और बताना चाहिए कि आखिर वह कांग्रेस की चुनी हुई सरकार को क्यों गिराना चाहती है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार अपना कार्यकाल पूरा करेगी। अग्निहोत्री ने प्रदेश में उप–चुनावों के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि दल–बदल को लेकर भाजपा के काडर में भी नारजगी है जो भाजपा की हार का कारण बनी। उप–मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा प्रदेश में कानून व्यवस्था की छिटपुट घटनाओं और वित्तीय संकट पैदा करके राष्ट्रपति शासन लगाने के सपने देख रही है लेकिन इन घटनाओं से सरकार नहीं गिरेगी।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा एक समुदाय विशेष को हिंसक कहना निंदनीय है। बिंदल ने आज शिमला से जारी एक बयान में कहा कि राहुल गांधी के इस बयान से समुदाय विशेष की भावनाएं आहत हुई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को इस टिप्पणी के लिए पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए। इस बीच बिंदल ने आज नालागढ़ में पार्टी प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश माफिया की गिरफ्त में है और सरकार उप–चुनावों में मस्त है। बिंदल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इन दिनों अपना घर देहरा को बना लिया है और राज्य के अन्य हिस्सों में सरकार नाम की कोई चीज नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गोलियां चलना आम बात हो गई है और जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है।

उन्होंने कहा कि इस समय प्रदेश में पति पत्नी और मित्रों की सरकार चल रही है जो युवा विरोधी और बेरोजगारों को ठगने वाली सरकार है। बिंदल ने ये भी कहा कि कांग्रेस सरकार की गलत नीतियों के कारण हिमाचल कर्ज के जाल में बुरी तरह फंस गया है।

नए कानून

देश में तीन नए आपराधिक कानून पहली जुलाई से लागू हो गए हैं। इनके लागू होने से समाज में क्या बदलाव आएं है, इसे लेकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय शिमला के कार्यकारी कुलपति प्रोफेसर चंचल कुमार सिंह और डीन प्रोफेसर संतोष कुमार शर्मा ने आकाशवाणी से भेंट वार्ता में इन कानूनों को लोगों के लिए मद्दगार बताया।

बैड़मिंटन

शिमला जिला स्तरीय बैड़मिंटन प्रतियोगिता 20 जुलाई से 23 जुलाई तक इंदिरा गांधी खेल परिसर शिमला में आयोजित की जाएगी। शिमला जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन बलवंत झौटा ने कहा कि ये प्रतियोगिता 11 वर्ष आयु वर्ग से लेकर 19 वर्ष आयु वर्ग और सीनियर वर्ग में खेली जाएगी।

मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा –दुष्प्रचार के बावजूद लोकसभा चुनाव में विपक्ष को करना पड़ा करारी हार का सामना।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने उप–चुनाव में राजनीतिक बुराई के अंत के लिए मांगा प्रदेश वासियों का सहयोग।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कारण हो रहे हैं प्रदेश में उप–चुनाव।
- उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भाजपा पर लगाया प्रदेश में राजनीतिक अस्थिरता का माहौल बनाने का आरोप।